an>

Title: Need to expedite construction of canal for channelizing water of Niradevghar Dam in Maharashtra -laid.

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर (माधा): नीरा नदी पर नीरा देवघर परियोजना को 1984 में प्रशासनिक स्वीकृति मिली और इस बांध का काम वर्ष 2000 में पूरा हो गया है । इस बांध का मुख्य उददेश्य महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुंचाना था । इसके लिए मुख्यतः माढा, फल्टण, खंडाला, मालशिरस आदि में 100 किलोमीटर लम्बी नहर के माध्यम से पानी पहुंचाना था ताकि इन सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके । यह केनाल अभी तक लगभग 21 वर्षों में 65 किमी ही बन पायी है । महोदय, नीरा देवधर बाँध का पानी माढा लोकसभा क्षेत्र में ले जाने हेतु लगभग 100 किमी केनाल बनाने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाकर इस नहर का निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा करवाने का कष्ट करें ताकि इससे मालशिरस, फलटण, संगोला, पंढरपुर की जनता तथा विशेषकर किसानों के लिए आसानी से पानी उपलब्ध होना सुनिश्चित हो सके ।